**बैठक कार्यवृत्त**

दिनांक 01.11.2025 दिन शनिवार को समय अपरान्ह 5.00 बजे जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक गॉधी सभागार कलेक्ट्रेट कार्यालय,कन्नौज में **जिलाधिकारी,महोदय** की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी,महोदय के अतिरिक्त निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. मुख्य विकास अधिकारी,कन्नौज।
2. जिला विकास अधिकारी,कन्नौज।
3. अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, कन्नौज।
4. प्रतिनिधि वी0एस0ए0 इन्फा हैदराबाद।
5. प्रतिनिधि जी0वी0पी0आर0 हैदराबाद।
6. प्रतिनिधि डी0पी0एम0यू0 कन्नौज।
7. प्रतिनिधि टी0पी0आई0,कन्नौज।

बैठक में जिलाधिकारी,महोदय द्वारा दोनों संस्थाओं की पृथक–पृथक समीक्षा करते हुए निम्नवत् निर्णय लिए गये/निर्देश दिए गये।

**1–भारत सरकार/दर्पण पोर्टल पर रैकिंग:**–समीक्षा में पाया गया कि टैप वाटर कनेक्शन में जनपद के लक्ष्य 274534 के सापेक्ष उपलब्धि 265755 है, जो 96.80 प्रतिशत हैं, जो कि प्रदेश में 33वें स्थान पर है। 685 के सापेक्ष 425 राजस्व ग्राम सर्टिफाइड है, जो कि 61.90 प्रतिशत है तथा प्रदेश में 07वें स्थान पर है। जिलाधिकारी,महोदय द्वारा वी0एस0ए0 इन्फा के कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को जनपद की प्रगति बढ़ाते हुए सर्टिफाइड एवं हैण्डओवर ग्रामों की संख्या अगले सप्ताह तक बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गये।

1–वी0एस0ए0 इन्फा:

वी0एस0ए0 इन्फा के पास 128 परियोजनाओं में 201 राजस्व गॉव एवं 138 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 138 के सापेक्ष सभी 138 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 1385 किमी0 पाइपलाइन बिछाने के सापेक्ष 1379 किमी0 पाइपलाइन बिछायी जा चुकी है, कुल 06 किमी0 पाइपलाइन बिछाया जाना अभी अवशेष है। एफ0एच0टी0सी0 83264 के सापेक्ष 76531 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 128 परियोजनाओं के 201 राजस्व गॉव के सापेक्ष मात्र 42 ग्राम सर्टिफाइड हुए हैं। अभी भी 118 के सापेक्ष 59 ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण होना शेष है। ओ0एच0टी0 निर्माण एवं सर्टिफिकेशन में वी0एस0ए0 इन्फा की प्रगति अत्यन्त खराब पायी गयी,जिसके लिए जिलाधिकारी,महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया।

विगत बैठक में वी0एस0ए0 इन्फा द्वारा 01 ओ0एच0टी0 बशीरापुर भाट स्थापित करने का आश्वासन दिया गया था,जिसके सापेक्ष चार सप्ताह बाद भी इनके द्वारा कोई ओ0एच0टी0 का कार्य नहीं कराया गया। अगले सप्ताह तक 01 ओ0एच0टी0 ग्राम महचन्दापुर का कार्य पूर्ण करने का पुनः आश्वासन दिया गया है। इसी प्रकार गत बैठक में वी0एस0ए0 इन्फा द्वारा 01 सरायकायम का सर्टिफिकेशन बढ़ाने का आश्वासन दिया गया,जिसके सापेक्ष इनके द्वारा विगत चार सप्ताह में कोई भी सर्टिफिकेशन का कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है। वी0एस0ए0 इन्फा द्वारा अगले सप्ताह तक 01 ग्राम ईजलपुर का सर्टिफिकेशन कराये जाने का आश्वासन दिया गया है। वी0एस0ए0 इन्फा की प्रगति अत्यन्त खराब होने के कारण जिलाधिकारी,महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि इनके विरूद्ध शासन को पुनः पत्र प्रेषित किया जाए।

2–जी0वी0पी0आर0:–

जी0वी0पी0आर0 की 188 परियोजनाओं में 327 राजस्व गॉव एवं 249 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 209 के सापेक्ष सभी 209 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 2104.67 किमी0 पाइपलाइन बिछाने के लक्ष्य के सापेक्ष 2104.67 किमी0 पाइपलाइन का कार्य कराया जा चुका है। अब पाइपलाइन बिछाने एवं ट्यूबवेल निर्माण का कार्य कोई अवशेष नहीं है। एफ0एच0टी0सी0 114482 के सापेक्ष 113151 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 188 परियोजनाओं के 327 राजस्व गॉव के सापेक्ष 235 ग्राम सर्टिफाइड हो चुके हैं। अभी 118 ओ0एच0टी0 के सापेक्ष 25 ओ0एच0टी0 कार्य पूर्ण होना शेष है।

विगत बैठक में जी0वी0पी0आर0 द्वारा 01 ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया था,जिसके सापेक्ष चार सप्ताह में इनके द्वारा 02 ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण किया गया। अगले सप्ताह तक 01 ओ0एच0टी0 ग्राम मिश्रीपुर सढ़ियापुर का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है। इसी प्रकार गत बैठक में जी0वी0पी0आर0 द्वारा 03 ग्राम सर्टिफिकेशन कार्य हेतु पूर्ण करने का आश्वासन दिया

गया,जिसके सापेक्ष 13 ग्रामों में सर्टिफिकेशन का कार्य पूर्ण कराया गया। अगले सप्ताह तक संस्था द्वारा 03 सर्टिफिकेशन ग्राम बरियामऊ, बरौली एवं गनिकापुर में पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

अन्य निर्देशः—

जिलाधिकारी,महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता जलनिगम कन्नौज को अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त मार्गो का पुनरूद्वार प्राथमिकता पर कराये जाने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी,महोदय द्वारा मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फा की खराब एवं चिन्ताजनक प्रगति के दृष्टिगत इनके विरूद्ध शासन में पत्राचार करने के निर्देश अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को दिए गये।

2— आई0जी0आर0एस0 शिकायतों के सम्बन्ध में असन्तुष्ट फीड बैक के दृष्टिगत जिलाधिकारी,महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि समस्त सहायक/अवर अभियन्ताओं को लगाकर शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण ससमय किया जाए।

3— जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रगति अत्यन्त खराब होने के कारण बैठक प्रत्येक सप्ताह कराये जाने के निर्देश दिये गये।

ह0/—
(एन0डी0द्विवेदी)
जिला विकास अधिकारी
कन्नौज।

## कार्यालय जिला विकास अधिकारी, जनपद—कन्नौज।

पत्रॉक 886 /जल जीवन मिशन/बैठक—कार्यवृत्त/2025—26 दिनॉक 06/11/2025

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक,राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक,उत्तर प्रदेश जलनिगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी,महोदय कन्नौज।
4. मुख्य विकास अधिकारी,महोदय कन्नौज।
5. अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम (ग्रामीण) कन्नौज।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, कन्नौज।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी,जनपद कन्नौज।
8. मेसर्स जी0वी0पी0आर0 इन्जी0 लिमि0 हैदराबाद।
9. मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फा हैदराबाद।

Digitally signed by
NARENDRA DEV DWIVEDI
Date: 06-11-2025
12:21:07
जिला विकास अधिकारी,
कन्नौज।

जिला विकास अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी,महोदय